## शैक्षिक सत्र–2025–26
## (3) ट्रेड–परिधान रचना एवं सज्जा
## कक्षा–12

उद्देश्य–

(1) विभिन्न प्रकार के वस्त्रों को बाजार में उपलब्ध कराना।
(2) विभिन्न आयु वर्गों हेतु वस्त्रों का चुनाव करना।
(3) प्रचलित फैशन का विश्लेषण कर भविष्य के फैशन को बनाना।
(4) विभिन्न प्रकार की डिजाइनों के कौशल का विकास करना।
(5) आधुनिक फैशनों के आधार पर विभिन्न प्रकार के आरामदायक, न्यूनतम कीमत, विभिन्न आयु वर्ग के लिये वस्त्रों को बनाना।
(6) छात्र–छात्राओं में विभिन्न प्रकार के निर्मित सुन्दर वस्त्रों के लिये प्रशंसा की भावना का विकास करना।
(7) वस्त्र उद्योग में रोजगार प्राप्ति हेतु जागरूकता का विकास करना।
(8) वस्त्र उद्योग हेतु स्वरोजगार एवं रोजगार सम्बन्धी जानकारी देना।
(9) वस्त्र उद्योग के लिये आधुनिक उपकरणों से छात्रों को परिचित कराना।
(10) समय, शक्ति और सामग्री का अधिकतम उपयोग करना।
(11) छात्रों में टीम वर्क के लिये कार्य करने की आदतें और नैतिकता का विकास करना।

**रोजगार के अवसर–**

(1) परिधान रचना एवं सज्जा के किसी कारखाने/प्रतिष्ठान अथवा दुकान में रोजगार पा सकता है।
(2) परिधान रचना एवं सज्जा के क्षेत्र में अद्यतन रेडीमेड वस्त्रों के निर्माण कार्य में स्वरोजगार प्रारम्भ कर सकता है।
(3) होल सेल तथा रिटेल सेल का व्यवसाय चला सकता है।
(4) परिधान रचना एवं सज्जा में निजी प्रशिक्षण केन्द्र चला सकता है।
(5) परिधान रचना एवं सज्जा हेतु आवश्यक यंत्रों, उपकरणों एवं सामग्रियों की आपूर्ति करने का स्वरोजगार चला सकता है।
(6) परिधान रचना एवं सज्जा से सम्बन्धित यंत्रों/उपकरणों के मरम्मत हेतु वर्कशाप चला सकता है।
(7) यूनिफार्म तैयार करने हेतु वर्कशाप स्थापित करना।
(8) विभिन्न कुशल श्रमिकों को रोजगार दिलाना, जैसे ट्रेड डिजाइन, स्केजर, मशीन आपरेटर, फिनिश पैटर्न मेकर आदि।

**पाठ्यक्रम–**

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् होगा :

| | पूर्णांक | | उत्तीर्णांक | |
|---|---|---|---|---|
| **(क) सैद्धान्तिक–** | | | | |
| प्रथम प्रश्न–पत्र | 60 | 300 | 20 | 100 |
| द्वितीय प्रश्न–पत्र | 60 | | 20 | |
| तृतीय प्रश्न–पत्र | 60 | | 20 | |
| चतुर्थ प्रश्न–पत्र | 60 | | 20 | |
| पंचम प्रश्न–पत्र | 60 | | 20 | |
| **(ख) प्रयोगात्मक–** | | | | |
| आन्तरिक परीक्षा | 200 | 400 | | 200 |
| वाह्य परीक्षा | 200 | | | |

**नोट**–परीक्षार्थियों के प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

### प्रथम प्रश्न–पत्र
### (गृह विज्ञान का सामान्य ज्ञान)

**1–व्यावसायिक शिक्षा की आवश्यकता एवं लाभ–** 20 अंक

विकासशील भारत की आवश्यकतायें, आकांक्षाओं और अपेक्षाओं के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था में व्यावसायिक शिक्षा का स्थान।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा का महत्व।

व्यावसायिक शिक्षा से छात्र, समाज एवं देश को लाभ।

समाज के गुणात्मक सुधार को सुनिश्चित करने हेतु पुरुष और स्त्री दोनों समान भागीदारी से निर्णय लेने और स्त्रियों को शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता के अवसर।

रोजगार ढूढ़ने वाले और रोजगार के अवसरों के बीच असंतुलन उत्पन्न करती जनसंख्या वृद्धि का ज्ञान।

मानव मूल्य के साथ–साथ परिवार की खुशी और समाज कल्याण हेतु भविष्य के लिए मौलिक और भावनात्मक सुरक्षा की सुदृढ़ बनाना।

**(2) स्वास्थ्यवर्धक भोजन की जानकारी– 20 अंक**

भोजन के विभिन्न तत्व, उनकी आवश्यकता, प्राप्ति के स्रोत और कमी से होने वाले रोग।

जीवन के विभिन्न अवस्था में भोजन की आवश्यकता, प्रकार एवं मात्रा–शिशु, बालक, स्त्री, पुरुष, वृद्धावस्था, गर्भावस्था, धात्री मां, रोगी, श्रमिक, किसान आदि।

**(3) आत्म निर्भर बनाकर व्यवसाय द्वारा किये जाने वाले स्वरोजगार या विभिन्न कार्य, क्षेत्रों में सवैतनिक रोजगारों के अवसरों का ज्ञान– 20 अंक**

अपने क्षेत्र में प्राप्त कच्ची वस्तु और उनसे निर्मित पदार्थों जिनका अन्य स्थानों में अधिक मूल्य आदि का ज्ञान।

## द्वितीय प्रश्न–पत्र
## (तन्तुओं का ज्ञान)

(1) तन्तुओं का वर्गीकरण– 12

प्राकृतिक तन्तु–सूती, रेशमी, ऊनी।

(2)तन्तुओं पर विभिन्न तत्वों का प्रभाव–पानी, दूध, ताप(आग) तथा रासायनिक पदार्थ(क्षार, अम्ल)। 08 अंक

(3) सिलाई योग्य वस्त्र, उनकी विशेषतायें, वस्त्र सिलने के पूर्व तैयारियां(श्रिंग करना, प्रेस करना आदि) 20

(4) सिलाई में काम आने वाली वस्तुओं का ज्ञान–इंचीटेप, गुनिया, मिल्टन, चाक, अंगुस्ताना तथा विभिन्न प्रकार की कैचियां आदि। 20 अंक

## तृतीय प्रश्न–पत्र
## (सिलाई के सिद्धान्त)
## (भाग–1)

(1) कुशल टेलर और कटर बनने के लिये योग्यतायें। 20 अंक

(2) वस्त्र निर्माण के सिद्धान्त– 20 अंक

(क) चेस्ट सिस्टम नाम द्वारा वस्त्र निर्माण।

(ख) सीधे सिस्टम नाम द्वारा वस्त्र निर्माण।

(3) सामान्य कन्धा, झुका हुआ कन्धा, ऊंचा कन्धा, सामान्य तथा असामान्य व्यक्तियों की नापें, तोंदिल, कूबड़ शरीर वाले व्यक्ति आदि। 20 अंक

## चतुर्थ प्रश्न–पत्र
## (सिलाई के सिद्धान्त)
## (भाग दो)

(1) विभिन्न प्रकार के वस्त्रों को काटते एवं सिलते समय सावधानियां(काटन, मखमल, नायलान, ऊनी वस्त्र)। 20 अकं

(2) आयु मौसम, विशेष अवसरों एवं सामान्य अवसरों पर पहनने वाले वस्त्रों से चुनाव का ज्ञान। 20 अंक

(3) सिलाई क्रिया में प्रयोग आने वाले शब्दों का ज्ञान। 20 अंक

ट्रिमिंग, गिदरी हाला, डाई, गिरह, टेप, प्लीट, ताबीज, कुटका, ले, स्केल्टन, वेस्टिंग, चों ट्रायल आदि।

## पंचम प्रश्न–पत्र
## (परिधान रचना एवं सज्जा)

(1) विभिन्न प्रकार की आस्तीनें, जेबों में नमूनों का ज्ञान तथा बटन, हुक, इलास्टिक तथा ग्रिप लगाने का ज्ञान। 26 अंक

(2) विभिन्न डार्ट्स, प्लेट्स, चुन्नटें और सिलाइयों का ज्ञान। 24 अंक

(3) परिधान रचना में फिटिंग, फिनिशिंग, प्रेसिंग एवं फोल्डिंग का महत्व तथा उपरोक्त क्रियाओं का ज्ञान। 10 अंक

## प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम
## प्रयोगात्मक क्रिया–कलाप
## (क)

(1) एप्रेन, बेबी तकिया, बेबी चादर, बेबी ब्लैंकेट एवं बिछाने की गद्दी।

(2) कैरिंग बैग, बेबी बाटल कवर।

**नोट**––उपरोक्त वस्त्रों को काट कर सिलना एवं सिले वस्त्रों की सज्जा करना।

(ख)

**शिशुओं के प्रयोग में आने वाले वस्त्र––**

(1) झबला, शमीज।
(2) बेबी फ्राक।
(3) टोपी, मोजा (बुटीज)।

**नोट**––उपरोक्त वस्तुओं के रेखाचित्र बनाना, काटकर सिलना एवं सिले वस्त्रों की सज्जा करना।

(ग)

**बालक एवं बालिकाओं के वस्त्र––**

(1) स्कर्ट टाप।
(2) सलवार, कुर्ता।
(3) चूड़ीदार पैजामा।
(4) बंगला कुर्ता (बालक एवं बालिकाओं हेतु)।

**नोट**––उपरोक्त वस्त्रों का रेखाचित्र बनाना, वस्त्र काटना, सिलना एवं सज्जा करना।

(घ)

**महिलाओं के वस्त्र––**

(1) ब्लाउज
(2) पेटीकोट
(3) नाइटी

**नोट**––उपरोक्त परिधानों का रेखाचित्र बनाना, काटना एवं सिलाई के साथ सिले वस्त्रों की सज्जा करना।

**टिप्पणी**––प्रयोगात्मक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिये 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।

**प्रयोगात्मक परीक्षा का स्वरूप**

**(क) प्रयोगात्मक परीक्षा––**

(1) वाह्य परीक्षा :

परीक्षार्थियों को चार प्रयोग दिये जायं :

प्रयोग नं0 1 (बड़ा प्रयोग)।
प्रयोग नं0 2 (बड़ा प्रयोग)।
प्रयोग नं0 3 (छोटा प्रयोग)।
प्रयोग नं0 4 (छोटा प्रयोग)।

(2) सतत् आन्तरिक मूल्यांकन––

(क) सत्रीय कार्य (सिले परिधान एवं रिकार्ड्स)।
(ख) कार्यस्थल पर प्रशिक्षण।

संस्तुत पुस्तकें––

| क्रमांक | पुस्तक का नाम | लेखक का नाम | प्रकाशक का नाम एवं पता | मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | रुपया |
| 1 | परिधान रचना एवं सज्जा | श्रीमती इन्द्रजीत कौर विन्द्रा | स्वास्तिक प्रकाशन एवं पुस्तक विक्रेता, अस्पताल मार्ग, आगरा | 30.00 |
| 2 | परिधान रचना एवं सज्जा | श्रीमती इन्द्रजीत कौर विन्द्रा | भारत प्रकाशन मन्दिर, मेरठ | 18.00 |
| 3 | प्रौद्योगिक गृह विज्ञान | डा0 प्रमिला वर्मा एवं डा0 कान्ति पाण्डेय | हिन्दी प्रचारक संस्थान, चौक, वाराणसी | 70.00 |
| 4 | स्पीडली होम ऐण्ड कामर्शियल टेलरिंग कोर्स | –– | यूनिवर्सल बुक सेलर, लखनऊ | 40.00 |
| 5 | कटिंग ऐण्ड टेलरिंग पार्ट (1) | –– | तदेव | 30.25 |